सूचना एकत्रित की जा रही है और यथा समय सदन के सभा-पटल पर रख दी जायेगी।

**भारतीय प्रशासनिक सेवा/भारतीय पुलिस सेवा के अधिकारियों का नामजद किया जाना**

3665. **श्री शारदा नन्द :** क्या गृह-कार्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) 6 जून, 1967 से अब तक जम्मू तथा काश्मीर राज्य की सिफारिश पर राष्ट्रपति ने उस राज्य के लिए भारतीय प्रशासनिक सेवा/भारतीय पुलिस सेवा के कितने अधिकारी नामजद किये ;

(ख नामजद किए गए व्यक्तियों की शिक्षा सम्बन्धी अर्हताएं क्या हैं ;

(ग) क्या सरकार इस बात की जांच करेगी कि नामजद किए गए इन व्यक्तियों में से कुछ व्यक्ति अपराधी थे और अन्य कुछ काश्मीर षड्यन्त्र काण्ड के अन्तर्गत गिरफ़तार किए गए थे ; और

(घ) यदि हां, तो उन्हें नामजद किए जाने के क्या कारण थे तथा इस सम्बन्ध में सरकार का क्या कार्यवाही करने का विचार है ?

**गृह-कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री विद्या चरण शुक्ल) :** (क) जम्मू व काश्मीर राज्य के संवर्ग के लिए पदोन्नति कोटे पर 6 जून, 1967 से अब तक 26 राज्य सिविल सेवा अधिकारी तथा 13 राज्य पुलिस सेवा अधिकारी क्रमश: भारतीय प्रशासनिक सेवा तथा भारतीय पुलिस सेवा में नियुक्त किए गए हैं।

(ख) इन अधिकारियों की शैक्षिक योग्यताओं के बारे में एक विवरण सदन के सभा-पटल पर रखा जाता है। [पुस्तकालय में रखा गया। देखिये संख्या LT—2583/68].

(ग) भारतीय प्रशासनिक सेवा में नियुक्त एक अधिकारी कथित कश्मीर षड्यंत्र काण्ड में शामिल था। बाद में मामला वापिस ले लिया गया और अधिकारी को उसके विरुद्ध दोषों से मुक्त कर दिया गया।

(घ) वह भारतीय प्रशासनिक सेवा में नियुक्ति का पात्र था और चयन समिति तथा संघ लोक सेवा आयोग द्वारा भारतीय प्रशासनिक सेवा में नियुक्ति के लिए उपयुक्त पाया गया था।

**मेक्सिको में ओलम्पिक खेल**

3666. **श्री ओंकार लाल बेरवा :**
**श्री मधुकर सूपकार :**
**श्री हुकम चन्द कछवाय :**

क्या शिक्षा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) भारत ने मेक्सिको ओलम्पिक खेलों में भाग लेने के लिए कितने खिलाड़ी भेजे थे तथा उन पर कितनी विदेशी मुद्रा व्यय हुई थी ;

(ख) क्या यह सच है कि उप-समिति ने 32 खिलाड़ी भेजने की सिफारिश की थी ;

(ग) क्या उप-समिति ने जितने खिलाड़ी भेजने की सिफारिश की थी उससे अधिक खिलाड़ी भेजे गये थे ;

(घ) क्या यह भी सच है कि राजस्थान के श्री जी० सी० पालीवाल भारत और एशिया के श्रेष्ठ खिलाड़ी हैं जिन्हें भेजने की सिफारिश 15 संसद सदस्यों और अखिल भारतीय खेल परिषद् के अध्यक्ष ने की थी तथा जो स्वयं अपने खर्चे से वहां जाना चाहते थे, वहां नहीं भेजा गया था ;

(ङ) यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं ; और

(च) क्या यह सच है कि वहां ऐसे खिलाड़ी भेजे गये थे जिन्हें भारत में न तो मान्यता ही प्राप्त है और न जो श्रेष्ठ खिलाड़ी हैं ?

**शिक्षा मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री भागवत झा आजाद) :** (क) मेक्सिको में ओलम्पिक खेलों के लिए भेजे गए खिलाड़ियों की संख्या : 27

स्वीकृत विदेशी मुद्रा की राशि : 29,160.00 रु०

(ख) और (ग). अखिल भारतीय खेल परिषद् की उप-समिति ने 25 खिलाड़ियों की सिफारिश की थी। भारतीय ओलम्पिक संस्था से तीव्र प्रतिरोध प्राप्त होने पर दो अतिरिक्त खिलाड़ियों की अनुमति दे दी गई थी।

(घ) और (ङ). सम्भवत: यह भारत के बास्केटबाल संघ के अवैतनिक सचिव श्री जे० सी० पालीवाल के विषय में है। यदि ऐसा है तो यह उल्लेखनीय है कि वह मेक्सिको में एक प्रतिनिधि के रूप में जाना चाहते थे। विदेशी मुद्रा की कठिनाइयों को देखते हुए अखिल भारतीय खेल परिषद् की उप-समिति ने प्रस्ताव का समर्थन नहीं किया और इसलिए सरकार द्वारा इसे स्वीकार नहीं किया जा सका।

(च) जी नहीं।

**Periodicals etc. Published by Chief Epigraphist of India, Mysore**

3667. SHRI S. A. AGADI : Will the Minister of EDUCATION be pleased to state :

(a) whether any regular Periodicals or Bulletins or Reports are published from the Chief Epigraphist of India, Mysore ;

(b) if so, the details of the publications published since 1960-61 to date ;

(c) whether these Reports are circulated to the Members of Parliament or they are designed exclusively for certain offices or Departments ; and

(d) the total annual recurring expenditure of this department since 1960-61 to date ?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF EDUCATION (SHRI SHER SINGH) : (a) Yes, Sir.

(b) A list of publications brought out since 1960-61 upto date is laid on the Table of the House. [*Placed in Library See* No. LT-2584/68].

(c) No, Sir. The Reports are published through the Manager of Publications, Government of India, Delhi, and are put on sale by him to the public.

(d) The year-wise-expenditure of the Chief Epigraphist's Office for the years 1960-61 to 1967-68, are given below :—

| Year | Amount |
|---|---|
| | Rs. |
| 1960-61 | 1,61,123 |
| 1961-62 | 1,69,914 |
| 1962-63 | 1,70,325 |
| 1963-64 | 1,69,574 |
| 1964-65 | 1,66,625 |
| 1965-66 | 1,97,283 |
| 1966-67 | 1,59,002 |
| 1967-68 | 1,48,876 |

**Delhi Calcutta Night Air Service**

3668. SHRI B. N. SHASTRI : Will the Minister of TOURISM AND CIVIL AVIATION be pleased to state :

(a) whether there is any proposal to introduce a night service between Delhi and Calcutta ; and

(b) if so, the details thereof ?

THE MINISTER OF TOURISM AND CIVIL AVIATION (DR. KARAN SINGH): (a) and (b). With effect from the 11th November, 1968, Indian Airlines have introduced the Night Airmail Service which provides air connection between Delhi and Calcutta *via* Nagpur. There is no proposal to operate a direct night air service between Delhi and Calcutta.

**Air Field at Dimapur, Nagaland**

3669. SHRI B. N. SHASTRI : Will the Minister of TOURISM AND CIVIL AVIATION be pleased to state :

(a) whether it is a fact that a new air field is going to be opened at Dimapur in Nagaland ;

(b) if so, the details thereof ;

(c) whether it is also a fact that as a consequence of serving this new air field by I.A.C. the daily service to Lilabari is going to be affected ; and

(d) if so, whether he is aware of the strong feelings of the public and the local administration on the proposal ?

THE MINISTER OF TOURISM AND CIVIL AVIATION (DR. KARAN SINGH): (a) and (b). There is already an air field at Dimapur controlled by the Indian Air-Force. There is no proposal to construct a new air field in this town.